कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.02.2022

गर्ल्स कॉलेज में कैन्सर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व कैन्सर दिवस के अवसर पर ऑनलाइन कैन्सर जागरूकता कार्यक्रम किया गया ।

इस अवसर यूथ रेडक्रॉस विभाग के प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोग की जानकारी के अभाव के कारण ही इसका रूप विकराल हो गया है।

विशेषकर महिलायें इसे नज़रअंदाज़ करती है। जिससे आगे चलकर गंभीर स्थिति आ जाती है।

उन्होंने बताया की 100 आँगनबाड़ियों में यूथ रेड क्रॉस वोलेंटीयरस समय समय पर स्वास्थ, पोषण से सम्बंधित जानकारी प्रदान करती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि विश्व कैन्सर दिवस , कैन्सर जागरूकता बढ़ाने , इसकी रोकथाम , पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है।

कैन्सर एक गंभीर रोग है जिसके कई प्रकार हैं – जैसे सर्वाइकल, ब्रेस्ट, पेट, ब्लड, गले, गर्भाशय, बोन, ब्रेन,मुँह और फेफड़े आदि। इसके लिये जागरूकता आवश्यक है जिससे समय रहते पहचान की जा सके।

गृहविज्ञान की शोध छात्रा कु. तबस्सुम ने कहा कि कैंसर के लक्षण में शरीर के किसी भी भाग में असामान्य रूप से गाँठ बनना या उभार होना तथा कोशिकाओं की असामान्य तौर पर वृद्धि और अनियंत्रित रूप से विभाजित होने से यह बिमारी बढ़ती जाती है। जिसका प्रारंभिक तौर पर पता चलने से ईलाज कर ठीक किया जा सकता है।

इस अवसर पर छात्राओं ने कैंसर जागरूकता से संबंधित पोस्टर भी बनाये जिन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)